मदार-मुंबई बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा 09603/09604 मदार-मुंबई बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी कोटा मंडल के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 09603 मदार से 18.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा सवाई माधोपुर 23.05/23.30, कोटा 00.50/01.00, रामगंजमंडी 02.03/02.05 और भवानीमंडी 02.36/02.38 होते हुए अगले दिन मुंबई बांद्रा टर्मिनस में 16.30 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार 9 दिसंबर को गाड़ी संख्या 09604 मुंबई बांद्रा टर्मिनस से 19.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन भवानीमंडी 08.18/08.20, रामगंजमंडी 08.48/08.50, कोटा 09.45/09.55 तथा सवाई माधोपुर 11.40/12.05 होते हुए दुर्गापुरा में 15.10 बजे पहुंचेगी।

विशेष गाड़ी में 15 वातानुकूलित श्रेणी, 03 शयनयान श्रेणी तथा 02 सामान्य श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 22 कोच सम्मिलित होंगे। यह गाड़ी मार्ग में मदार, कांसगंज, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, नीमच रोड़, रतलाम, गोधरा, भरूच, सूरत, नवसारी, बिलिमोरा, वापी, बोइसर तथा मुंबई बांद्रा टर्मिनस स्टेशनों पर ठहरेगी। वापसी दिशा में दुर्गापुरा इसका अंतिम स्टेशन होगा।

धर्म गुरुओं ने एक मंच से कहा- इंसानियत ही सबसे बड़ी एवं सच्ची सेवा

■ दादा नारायण दास मदनानी सेवा सप्ताह का समापन

कोटा, (निसं)। दादा नारायण दास मदनानी सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक सेवा सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सचिव प्रकाश वीर नाथानी ने बताया समाज में सर्वधर्म समभाव सद्भावना का संदेश देने के लिए हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समुदाय के धर्म गुरुओं को समारोह में आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ दादा नारायण दास के तस्वीर पर सभी धर्म गुरुओं के द्वारा माल्यार्पण के साथ किया गया। अध्यक्ष किशोर मदनानी ने सेवा सप्ताह के आयोजनों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों एवं धर्म गुरुओं का स्वागत भाषण के माध्यम से स्वागत किया। महंत लक्ष्मण दास रामधाम आश्रम सेवा ट्रस्ट ने कहा कि मानव धर्म का पालन ही सबसे बड़ा धर्म है जिससे अच्छे समाज का निर्माण संभव है। शहर काजी जनाब जुबेर अहमद ने कहा कि इंसान सबसे पहले अपने अंदर की बुराईयों को दूर करें। जिंदगी और मौत यह जो ईश्वर ने दिया हैं, लेकिन उसको कौन कितना खूबसूरती से अमल करता है यह मुख्य बात है। जिंदगी का एक-एक लम्हा खुदा के हुक्म के मुताबिक गुजरना चाहिए। हम समाज को कुछ देने का प्रयास करें तो यह सच्ची इबादत होगी। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के ज्ञानी जसवीर सिंह ने कहा परमात्मा एक है और उसकी बनाई हुई सृष्टि भी एक है। इंसान अपने अंदर धर्म को धारण करें हम तो अच्छे कार्य करने के लिए परमात्मा का एक जरिया हैं। जो समाज को कुछ दे सकता है वही सच्चा गुरु हैं।

दादा नारायण दास मदनानी सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक सेवा सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

हर व्यक्ति को दान धर्म के लिए अपने आय में से प्रतिदिन कम से कम 1 अलग रखकर साल में 365 रुपए भी एकत्रित कर धर्म कर्म के कार्यों में इसको खर्च करना चाहिए।

सीएनआई चर्च के फादर रंजन बेहेरा ने कहा जहां नर सेवा है वही सम्मान है और वहीं शांति हैं। प्रयत्न करने में कभी आलसी नहीं होना चाहिए। प्यार अपनो को तो सब दिया करते हैं, दूसरों को प्यार देने का कार्य परमात्मा सिखाता हैं। हर व्यक्ति जगत की ज्योति है और पृथ्वी पर नमक की तरह है। सभी धर्म गुरुओं ने एक मंच से कहा कि इंसानियत सबसे बड़ी सेवा हैं। संस्थान संरक्षक डॉ.टी.सी.मेहता एवं गोपाल सपरा एवं प्रतिक मदनानी ने भी संबोधित किया। लक्ष्मण मदनानी ने सबका आभार जताया। कोषाध्यक्ष एवं निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के संयोजक अशोक शर्मा, प्रतीक मदनानी, कांता मदनानी ने धर्म गुरुओं का स्वागत किया। समारोह में डॉ.आर.के. तंवर, जगदीश शर्मा, प्रो.अरुण शर्मा, राकेश हरि सिंघानी, विमल परियानी, एडवोकेट राज ठाकुर, मुरलीधर ऑलरेजा, भागचंद हेमनानी, यज्ञदत्त हाड़ा, केबी मोदी, डीएन भार्गव, मूलचंद तालरेजा लोकचंद, परमानंद शर्मा, सुनिल राज, समेत कई समाजसेवी एवं गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के लाभार्थियों को चश्मे भी पहनाये गए।

इन्हें किया सम्मानितः- डॉ. अनुकृति शर्मा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर कई देशों में 45 से ज्यादा पेपर पढ़े। अरुंधति चौधरी वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर। तेजिंदर सिंह सेठी अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संस्थान सामाजिक सेवाओं के लिए। चंद्र प्रकाश खूबचंदानी वृद्ध आश्रम एवं नारी निकेतन में पोषाहार वितरण के लिए। दलबीर सिंह कोहली 202 बार रक्तदान करने। गोपाल सपरा स्काउट एंड गाईड रोटरी क्लब एवं कई अन्य संस्थाओं के माध्यम से सामाजिक सेवाओं के लिए। प्रज्ञा मेहता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी, मोटिवेशनल स्पीकर। अरुण भार्गव देहदान हेतु प्रेरित करने एवं उद्देश्य लेकर चलने के लिए। डॉक्टर जीडी रामचंदानी, टाईप-1 डायबिटीज में 500 बच्चों को निशुल्क इलाज देने के लिए दोस्त डायबिटीज चाइल्ड केयर सोसाइटी आईके दत्ता राष्ट्रीय पहलवान, राजस्थान कुश्ती संगठन के संरक्षक 1 इमरान कुरेशी को लावारिस व्यक्तियों के दाह संस्कार करने के लिए।

महिला स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर महिला को प्रेरित करने के लिए, दिव्या शर्मा, कांता मदनानी, एडवोकेट कल्पना शर्मा द्वारा घर में निर्मित विभिन्न उत्पादों को बाजार में सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए, महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. अरुण शर्मा अध्यक्ष जिला बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन, फिरोज खान द्वारा आठवीं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कोटा की टीम तृतीय स्थान पर रही। जिसके महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। जिला स्तर पर पुरुष वर्ग में गवर्नमेंट साइंस कॉलेज प्रथम एवं गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज द्वितीय महिला वर्ग में गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज प्रथम एवं जेडीबी कॉलेज द्वितीय को पदक देकर सम्मानित किया गया।

यशवंतपुर-अजमेर विशेष ट्रेन का संचालन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा 06575 यशवंतपुर-अजमेर एकतरफा विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि 10 दिसंबर को गाड़ी संख्या 06575 यशवंतपुरद्वअजमेर विशेष यशवंतपुर से प्रातः 07.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी मार्ग में शामगढ़ 14.20/14.22, भवानीमंडी 14.43/14.45, रामगंजमंडी 15.03/15.05, कोटा 16.05/16.15 तथा सवाई माधोपुर 17.25/17.35 पर निर्धारित ठहराव करती हुई उसी दिन अजमेर में 22.30 बजे पहुंचेगी।

इस विशेष गाड़ी में 07 वातानुकूलित श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी तथा 04 सामान्य श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 22 कोच सम्मिलित होंगे।

यह गाड़ी मार्ग में यशवंतपुर जंक्शन, यलहंका जंक्शन, धर्मावरम जंक्शन, टाटीचेर्ला, गुन्तकल जंक्शन, वाडी, कलबुर्गी, सोलापुर जंक्शन, कुर्डुवाड़ी, दौड़ जंक्शन, पुणे जंक्शन, लोणावला, कल्याण जंक्शन, वसई रोड, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, शामगढ़, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर जंक्शन, किशनगढ़ तथा अजमेर जंक्शन स्टेशनों पर ठहरेगी।

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांकः-न.पा.छ./2025/6285 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांकः-04.12.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल वर्गफीट
1	श्री नवल यादव पुत्र राजू यादव जाति यादव निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला, बारां, (राज.)	174	अर्जुन विहार कालोनी छबड़ा	207-A	10x40 =400

नोटः- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु./2025/1366 दिनांकः- 8.12.25

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश चन्द पाटनी पुत्र श्री हजारी लाल निवासी-बी 79 तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा भूखण्ड संख्या-4-W-10 कॉर्नर तलवण्डी, कोटा (राज.) नगर निगम, कोटा भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या-4-W-10 कॉर्नर तलवण्डी, कोटा क्षेत्रफल 2734.03 वर्गफुट (254 वर्गमीटर) का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण राजस्थान आवासन बोर्ड, कोटा वृत कोटा के कार्यालय आदेश कमांक : 2440 दिनांक 29.07.1986 से श्री सुरेश चन्द पाटनी पुत्र श्री हजारी लाल के नाम आवंटन किया गया है। आवेदित भूखण्ड का भू उपयोग कोटा शहर के अनुमोदित मास्टर/जोनल प्लान व प्रचलित नियमों के दृष्टिगत मिश्रित प्रयोजनार्थ निर्धारित है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल-2734.03 वर्गफुट (254 वर्गमीटर) का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार भूखण्ड के आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी व्यक्ति/संस्था आदि या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता हो, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस की अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

पुणे की नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा जगदाआने मेडिकल रेटिना नेत्र फैलोशिप के लिए पहुँची कोटा

पुणे से फैलोशिप ट्रेनिंग हेतु कोटा पहुंची नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा जगदाआने एवं सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा के नेत्र चिकित्सक डॉ.सुरेश पाण्डेय, डॉ.विदुषी पाण्डेय, डॉ.एस. के. गुप्ता, डॉ.निपुण बागरेचा, डॉ. डिम्पल भाकुनी

कोटा, (निसं)। नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रेरणा जगदाआने पुणे से मेडिकल रेटिना एवं युविआईटिस नामक फैलोशिप हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर, कोटा पहुंची। डॉ.प्रेरणा जगदाआने संस्थान के रेटिना एवं युविआईटिस विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में इनडायरेक्ट ऑफ्थेलमोस्कोपी, एन्टी-वेज़एफ इंजेक्शन, रेटिनल लेज़र फोटोकोगुलेशन, बराज रेटिनल लेज़र, आदि अनेकों नवीनतम विधियाँ सीखेंगी। संस्थान के रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा ने बताया कि विगत् तीन वर्षो में 21 नेत्र चिकित्सक मेडिकल रेटिना एवं युविआईटिस फैलोशिप ट्रेनिंग हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा आ चुके है। संस्थान के निदेशक डॉ.सुरेश पाण्डेय ने डॉ.प्रेरणा जगदाआने को अपनी पुस्तक 'एन्टरप्रोन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स' एवम् 'एक आई सर्जन की डायरीः भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव' भी भेंट की।

संस्थान के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा एवं डॉ.एस.के.गुप्ता, डॉ. डिम्पल भाकुनी ने बताया कि फैला नेत्र चिकित्सक डॉ.प्रेरणा जगदाआने फेकिक लैन्स इम्पलान्टेशन, टोपिकल फेको कैटरेक्ट सर्जरी एवं प्रीमियम टोरिक, ट्राइफोकल लैन्स इम्पलान्टेशन, लेसिक लेज़र सर्जरी आदि पद्धतियों को भी सीखेंगी। डॉ. प्रेरणा जगदाआने ने बताया कि उनको सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा के चिकित्सकों द्वारा नेत्र चिकित्सा जगत की अत्याधुनिक पद्धति को सीखकर नेत्र रोगियों को रोशनी लौटाने में सहायक बनना है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सुचारु व्यवस्थाओं से एथलीट्स खुश

कोटा, (निसं)। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2025 की प्रतियोगिताएं कोटा में आयोजित हुई है। एथलीट्स ने बताया कि ठहरने, खाने और आने-जाने की बेहतर व्यवस्था ने उनके प्रदर्शन पर पूरा ध्यान लगाने में बड़ी मदद की है। इन सभी इंतज़ामों को एंड-टू-एंड टोटल हॉलीडेज ने संभाला, जो ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी सॉल्यूशन्स का प्रमुख नाम है। सुचारु व्यवस्थाओं की वजह से एथलीट्स को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित करना आसान हुआ।

600 से ज्यादा एथलीट्स और उनके सपोर्ट स्टाफ को होटल रॉकलैंड, होटल क्रॉस लेन, होटल स्टर्लिंग 30 और अन्य बेहतरीन होटलों में आरामदायक और सुसज्जित स्टे दिया गया। एथलीट्स ने शांत, साफ-सुथरे कमरों और उत्कृष्ट सेवा की खूब सराहना की। उन्होंने अपने स्टे को 'सहज और सहयोगी' बताया, जो इवेंट्स के बीच आराम और रिकवरी के लिए बेहद जरूरी था। कार्यक्रम में मौजूद एथलीट कनिका शर्मा ने कहा कि 'केआईयूजी की पूरी मैनेजमेंट टीम का दिल से धन्यवाद्। आपकी मेहनत और बेहतरीन लॉजिस्टिक्स व्यवस्था की वजह से हमारा अनुभव शानदार रहा। पोषण, जो एथलीट्स के प्रदर्शन का एक अहम् हिस्सा है उसकी बेहतरीन व्यवस्था समय पर और उनकी जरूरत के मुताबिक की गई। टोटल हॉलीडेज ने हजारों प्रकार के नाश्ते, दोपहर के भोजन, रात्रिभोज और हाई-टी स्नैक्स एथलीट स्वीकृत मैन्यू के अनुसार परोसे गए, जिससे एथलीट्स कठिन मुकाबलों के लिए खुद को बेहतरी से तैयार कर पाए।

कोटा में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2025 की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई है।

प्रतिभागियों ने इस ताजा और संतुलित भोजन को अपनी एनर्जी बनाए रखने और वजन कैटेगरी कंट्रोल में रखने के लिए 'एक बड़ा फर्क डालने वाला फैक्टर' बताया। टोटल हॉलीडेज़ की ट्रांसपोर्टेशन टीम ने बसें, टेम्पो ट्रैवलर, सेडान और एसयूवी लगाकर सभी स्थानों पर समय पर और बिना तनाव के आने-जाने की सुविधा दी। इससे एथलीट्स को लॉजिस्टिक परेशानियों से छुटकारा मिला और वे बिना किसी देरी की चिंता के अपनी स्ट्रैटेजी, वॉर्म-अप और रिकवरी पर फोकस कर सके। स्पोर्ट्स हॉस्पिटैलिटी में अपनी मजबूत पहचान के साथ टोटल हॉलीडेज़ खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 36वें नेशनल गेम्स और कई राज्य स्तरीय ओलंपिक आयोजनों में प्रतिभागियों के आवास और सपोर्ट सेवाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर चुका है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1991 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 09.10.25

आवास संख्या 4/64 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री प्रेम प्रकाश सक्सेना पुत्र श्री बाबू लाल सक्सेना को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री प्रेम प्रकाश सक्सेना पुत्र श्री बाबू लाल सक्सेना द्वारा दिनांक 17.11.2003 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री प्रेम प्रकाश सक्सेना पुत्र श्री बाबू लाल सक्सेना द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 24.10.2011 को श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता को किया गया। श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4/64 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इन कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार का कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

भवानीमंडी, (निसं)। स्कूल जा रही 11 वर्षीय नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग बालिका का पीछा कर छेडछाड करने के आरोप में रितेश कुमार को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को जप्त करने में सफलता अर्जित की है। आरोपी द्वारा बालिका का दो बार रास्ता रोककर पैसों का लालच देकर मोटरसाइकिल पर बैठाने का किया प्रयास किया गया। थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि बालिका के परिजनों ने रिपोर्ट में बताया था कि सुबह के समय बालिका स्कूल जा रही थी कि उसके पीछे से एक मोटरसाइकील वाला व्यक्ति आया व मेरी बालिका से छेड़छाड़ करने लगा।

घटना की गंभीरता को देखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा तकनिकी एवं मनोवेज्ञानिक तरीके से 24 घंटे में घटना का खुलासा कर प्रकरण के आरोपी की पहचान की जाकर आरोपी रितेश कुमार उम्र 37 वर्ष निवासी पचपहाड़ को गिरफतार किया जाकर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को जप्त करने में सफलता अर्जित की है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2564 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 08.12.25

आवास संख्या 1-झ-13 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री धर्म सिंह पुत्र श्री तारा सिंह को किया गया था। उक्त आवास का हस्तातरण कल्पतरू के तहत दिनांक 21.12.1992 को श्री रशीदुल्ला पुत्र श्री वलीउल्ला खान को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री रशीदुल्ला पुत्र श्री वलीउल्ला खान द्वारा दिनांक 22.03.1993 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री रशीदुल्ला पुत्र श्री वलीउल्ला खान द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.06.2004 को मुख्तार नामा आम आलेखित कर श्री मन्सूर अली पुत्र श्री इब्राहिम को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री मन्सूर अली पुत्र श्री इब्राहिम मुख्तार आम श्री रशीदुल्ला पुत्र श्री वलीउल्ला खान द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.06.2004 को श्री राकेश कुमार सिंघल पुत्र स्व. श्री बाल मुकन्द सिंघल को किया गया। श्री राकेश कुमार सिंघल पुत्र स्व. श्री बाल मुकन्द सिंघल का नाम दिनांक 17.07.2004 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री राकेश कुमार सिंघल पुत्र स्व. श्री बाल मुकन्द सिंघल द्वारा इस आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.05.2019 को श्री जगजीत सिंह पुत्र स्व. श्री दुखभंजन सिंह को किया गया। श्री जगजीत सिंह पुत्र स्व. श्री दुखभंजन सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-झ-13 विज्ञान नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जगजीत सिंह पुत्र स्व. श्री दुखभंजन सिंह का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जगजीत सिंह पुत्र स्व. श्री दुखभंजन सिंह का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जगजीत सिंह पुत्र स्व. श्री दुखभंजन सिंह का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

'शिक्षा और स्टूडेंट्स केयर के मामले में कोटा जैसा इकोसिस्टम किसी और शहर में नहीं'

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन ने इस साल अपना 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। द्रोणा-2 कैंपस में आयोजित मुख्य समारोह में फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि शिक्षा और स्टूडेंट्स केयर के मामले में कोटा जैसा इकोसिस्टम देश में कहीं और नहीं है। कोटा अब सिर्फ पढ़ाई का शहर नहीं, बल्कि सर्विस, केयर और क्वालिटी का नंबर वन मॉडल बन चुका है।

उन्होंने कहा कि मोशन 18 साल पूरे कर 19वें वर्ष में कदम रख चुका है। एक समय था जब कोटा में न अच्छे एजुकेटर ज्यादा थे और न ही एडवांस कंटेंट। लेकिन आज स्थिति बिल्कुल अलग है। यहां की कोचिंग ने ऐसा वातावरण तैयार कर दिया है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की देखभाल दोनों सर्वोच्च प्राथमिकता पर हैं। नितिन विजय ने कहा कि बच्चे, पेरेंट्स और शिक्षा जगत, तीनों ने मोशन पर भरोसा जताया है और यह भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

हमारा फोकस स्टूडेंट्स का समय बचाने और उन्हें 2एक्स लर्निंग यानी दोगुनी तेजी से सीखने का अनुभव देने पर है। पेरेंट्स से भी वादा है कि बेहतर सेवा मिनिमम प्राइस पॉइंट पर मिलेगी। इसी वजह से मोशन आज वैल्यू फॉर मनी और उच्च चयन प्रतिशत के लिए जाना जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों के प्रति प्रेम, उनकी केयर और शिक्षा में ईमानदारी ही मोशन की असली पहचान है। समारोह में संस्थान के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ.स्वाति विजय, ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने नए शैक्षणिक वर्ष के लिए बेहतर लक्ष्य तय करने और टीम स्पिरिट को मजबूत करने पर जोर दिया।

कोटा में मोशन एजुकेशन का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।

शिक्षा जागरूकता रैली के साथ हुआ आगाजः- चार दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के तहत गुरुवार से रविवार तक कई कार्यकमों का आयोजन हुआ। आगाज शिक्षा जागरूकता रैली के साथ हुआ। द्रोण-2 कैंपस से शुरू यह रैली एरोड्रोम, किशोर सागर तालाब, घोड़े वाला सर्किल, गुमानपुरा फ्लाईओवर, सीएडी चौराहा, जवाहर नगर फ्लाईओवर होते हुए वापस कैंपस पहुंची। नितिन विजय ने रैली को एकता, उत्साह और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। रैली के दौरान मोशन में पांच साल पूरे कर चुके कर्मचारियों का साफा बांधकर सम्मान किया गया, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और भी बढ़ा दिया। इसके अलावा सिटी मॉल में आयोजित क्विज और प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स को उपहार दिए गए। स्थापना दिवस के दौरान हुए इन आयोजनों ने छात्रों, पेरेंट्स और कर्मचारियों के बीच एक सकारात्मक और प्रेरक माहौल बना दिया।

समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटा मंडल में श्रद्धांजलि समारोह हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, कोटा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खोया पाया

जगरानी देवी पत्नी विनोद भूषण गुप्ता का मकान नं. 76-डी श्रीनाथपुरम कोटा के पंजीकृत विवरण रजिस्ट्री अदालत कोटा में गुम हो गए है। जिस किसी को मिले तो निम्न पते पर भेजे।

पता-सुनील दत्त वशिष्ठ,
223 गुमानपुरा कोटा
मो. 9460569535

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/101103 **लोक सूचना** दि.08.12.2025

श्री SAMIULLA KHAN पुत्र श्री ABDUL WAHEED जाति MUSALMAN निवासी PLOT NO 58 R.K. NAGAR BARAN ROAD POLICE LINE KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **इंफ्रास्ट्रक्चर एवं वेयर हाउसिंग प्रोजेक्ट्स** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	आरामपुरा, लाडपुरा (कोटा)	BABITA PAHWA W/O SUDHIR PAHWA CASTE- PANJABI SA. 13-14 VINAYAK VIHAR AKASHWANI COLONY KOTA KHATEDAR	416	2800	0.28
			417	800	0.08
			418	8700	0.87
			436	400	0.04
			437	4900	0.49
			437/1	3200	0.32
				कुल	2.08

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अ